उत्तर प्रदेश
Uttar Pradesh

# आगरा में 3 करोड़ की नकली दवाएं जब्त; कई गोदाम सील, 1 करोड़ की रिश्वत ऑफर करने वाला कारोबारी गिरफ्तार - AGRA NEWS




**आगरा:** शहर के कई मेडिकल फर्म और उनके गोदामों पर यूपी एसटीएफ और औषधि विभाग ने छापेमारी की. इस दौरान कई ब्रांडेड कंपनियों के रैपर में नकली दवाएं मिलीं. छापेमारी टीम ने करीब 3 करोड़ रुपए की नकली दवाएं सीज की हैं. कई गोदामों को सील कर दिया गया है. इसी कार्रवाई के दौरान नकली दवा सिंडिकेट के कारोबारी ने एसटीएफ इंस्पेक्टर को 1 करोड़ रुपए रिश्वत की पेशकश भी की. टीम ने जाल बिछाकर कारोबारी को पैसों के साथ गिरफ्तार किया है.

जानकारी के मुताबिक, लखनऊ एसटीएफ मुख्यालय को आगरा थोक दवा बाजार में मल्टीनेशनल कंपनी जायडस, ग्लेनमार्क, सनफार्मा, सनोफी सहित आधा दर्जन ब्रांडेड कंपनियों के नाम से नकली दवाइयां बेचने की शिकायत मिली थी. दो महीने से एसटीएफ और औषधि विभाग की टीमें इस नेटवर्क को खंगाल रही थीं. इसी जांच और छानबीन में टीम को नकली दवा कारोबार के बारे में अहम सुराग मिले.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/agra-fake-medicine-syndicate-busted-businessman-arrested-for-offering-rs-1-crore-bribe-uttar-pradesh-news-ups25082400411